एनएसएस इकाई-III, बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज द्वारा ग्वारी गाँव लिया गया गोद

लखनऊ, 16 अक्टूबर 2026। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, चारबाग, लखनऊ द्वारा गोमतीनगर स्थित रफी अहमद किदवई वार्ड संख्या- 62 के ग्वारी गाँव में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं का सर्वेक्षण करना , स्थानीय निवासियों में सामाजिक जागरूकता विकसित करना तथा ग्वारी को गोद लेकर उसके समग्र विकास की दिशा में सार्थक पहल करना था।

शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को गुड टच-बैड टच, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं नैतिक मूल्यों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवकों ने बच्चों को इन विषयों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें पढ़ाने में भी सहयोग किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में व्यक्तिगत सुरक्षा , स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी आदतों तथा अच्छे संस्कारों के प्रति समझ विकसित करना था। स्वयंसेवकों द्वारा गाँव का सर्वेक्षण कर वहाँ की प्रमुख समस्याओं , आवश्यकताओं एवं उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया गया। इस सर्वेक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को समझने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकासात्मक गतिविधियों की योजना तैयार करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर एनएसएस इकाई- III, बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवानी द्वारा रफ़ी अहमद किदवई वार्ड 62 के अंतर्गत ग्वारी क्षेत्र को गोद लेने की पहल की गई , ताकि ग्वारी में महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने , पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों का नियमित संचालन किया जा सके। इस पहल से महाविद्यालय और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा ग्वारी के सामाजिक एवं शैक्षिक विकास को नई दिशा देने की उम्मीद है।

वार्ड पार्षद एवं स्थानीय लोगों की ओर से इस सामाजिक एवं जनहितकारी पहल के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य , एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवानी तथा समस्त स्वयंसेवकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। ग्वारी वासियों ने विश्वास जताया कि महाविद्यालय एवं स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों से ग्वारी में शिक्षा , स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को गति मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।










बच्चो में शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन के लक्ष्य के प्रति जागरूकता









ग्वारी क्षेत्र के क्षेत्रवासियों द्वारा बातचीत करके उनकी समस्याओं का अवलोकन